AMAR UJALA
FOUNDATION

बनें महादानी, आज करें रक्तदान

गाजियाबाद। मरियम नगर स्थित क्राइस्ट डीम्ड विवि में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों सो रक्तदान करने की अपील है। अमर उजाला फाउंडेशन और सोशल फॉर ह्यूमन राइट्स (एसएफएचआर) के सहयोग से यह शिविर लगाया जा रहा है। एसएफएचआर के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उम्मीद है कि बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करने आएंगे। शिविर में एमएमजी ब्लड बैंक की टीम सुबह 9:00 बजे विवि में रक्त एकत्र करने पहुंचेगी। शिविर सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा। क्राइस्ट के डायरेक्टर डॉ. विजू ने छात्र-छात्राओं से रक्तदान की अपील की है। ब्यूरो